हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, रविवार, 9 जून 2024
[ कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड ]






## खबर संक्षेप

### पीएटी-पीव्हीएटी की प्रवेश परीक्षा आज

**धमतरी।** व्यापंम व्दारा 9 जून को धमतरी शहर में पीएटी-पीव्हीएटी की प्रवेश परीक्षा 5 केन्द्रों में एक पॉली में प्रातः 9 से दोपहर 12:15 बजे तक आयोजित होगी, जिसमें कुल 1801 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। पीजी कॉलेज में 500, एनआरएम शासकीय कन्या महाविद्यालय धमतरी में 400, शिवसिंह वर्मा शासकीय कन्या उमावि में 246, डॉ.शोभाराम देवांगन शासकीय बालक उमा विद्यालय में 400 एवं नत्थूजी जगताप नगर पालिक निगम उमावि में 255 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे।

**आम सूचना**

सर्वसाधारण आम जनता, संस्था, निकाय को इस आम सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार मुकेश सोनकर एवं यशवंत सोनकर दोनों पिता स्व. रमेश सोनकर निवासी रामबाग धमतरी तहसील व जिला धमतरी छ.ग. के दादा भाउराम उर्फ रतीराम सोनकर के नाम पर शहर धमतरी दानीटोला खार प.ह.नं.33 रा.नि. मं. धमतरी तहसील धमतरी जिला धमतरी छ.ग. में भूमि खसरा नंबर 2636/2 रकबा 0.67 हे. स्थित है। जिस पर मुकेश सोनकर एवं यशवंत सोनकर दोनों पिता स्व. रमेश सोनकर निवासी रामबाग धमतरी जिला धमतरी छ.ग. का हक हिस्सा है। मेरे पक्षकार ने अपने हक हिस्सा 1/4 अंश को प्राप्त करने उपरोक्त भूमि में वाद, सक्षम न्यायालय प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1 धमतरी जिला धमतरी छ.ग. के न्यायालय में पेश किया गया है। जिसका प्रकरण क्रमांक 90-अ/2017 है। उपरोक्त भूमि को प्रकरण लंबित होने की जानकारी होने पर भी भाउराम उर्फ रतीराम सोनकर जमीन दलाल व अन्य व्यक्तियों के माध्यम से विक्रय करने का प्रयास किया जा रहा है। अतः मात्र राजस्व अभिलेख पर भाउराम उर्फ रतीराम सोनकर का नाम दर्ज होने से उक्त भूमि या उसके भाग को न खरीदे और किसी प्रकार का सौदा कर इकरारनामा ना करें। यदि उक्त भूमि के किसी भाग को खरीदी की जाती है तो उसको कोई स्वत्व या अधिकार प्राप्त नहीं होगा एवं विक्रय पत्र आरंभतः शून्य व अवैध होगा क्योंकि उक्त भूमि न्यायालय के निराकरण के अधिन है।

अतः सूचना जाने ।

स्थान :- धमतरी
दिनांक :- 8/6/24

भवदीय
B.L. Rawat
Advocate
Dhamtari (C.G.)
Mo. 98261-63252

**गुप्त रोगी संपर्क करें**
पुरूष गुप्त रोगी नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, समय से पहले स्खलित हो जाना, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी व पेशाब के साथ धातु का गिरना एवं जलन होना
**पथरी रोग व बवासीर रोगी संपर्क करें**
**संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना**
अंबेडकर चौक, अंगारमोती मेडिकल ई-स्टोर के पास, बस्तर रोड, जोधापुर, धमतरी मो. 9174466336

## भैंसमुंडी में कोचिंग क्लास एवं करियर गाइडेंस कार्यक्रम का समापन

# 240 विद्यार्थियों ने लिया समर कैंप का लाभ फूड प्रोसेसिंग पार्क का किया शैक्षणिक भ्रमण

■ लक्ष्य प्राप्ति के लिए समय का प्रबंधन जरूरी : पुलिस अधीक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री




जिला साहू संघ धमतरी के निर्देश पर परिक्षेत्र साहू संघ मौरीखुर्द द्वारा 9वीं से 12वी कक्षा के विद्यार्थियों के लिए हाईस्कूल भैंसमुंडी में कोचिंग क्लास, करियर मार्गदर्शन शिविर का आयोजन किया गया जिसमें प्रतिदिन लगभग 240 विद्यार्थियों ने अपने विषय से संबंधित कोर्स का ज्ञान, नैतिक शिक्षा, जीवन विद्या, आध्यात्मिक, करियर मार्गदर्शन का लाभ लिया। समर कैंप के दौरान बच्चों को पुलिस थाना एवं फूड प्रोसेसिंग पार्क बगौद का भी शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। समापन अवसर पर उत्कृष्ट प्रतिभाओं के साथ ही वरिष्ठ समाजसेवियों का सम्मान स्मृति चिन्ह एवं धार्मिक ग्रंथ श्रीमद् भागवत गीता भेंटकर किया गया। अतिथि पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय, लेखाधिकारी संजय धीवर, कुरुद परियोजना अधिकारी सुमीत कुमार ध्रुव, रायपुर इंद्रावती भवन सहायक लेखा अधिकारी उमेश साहू ने बच्चों को करियर निर्माण हेतु मोटिवेट किया। अवनेंद्र साहू जिलाध्यक्ष साहू संघ धमतरी, रामेशर साहू उपाध्यक्ष तहसील साहू संघ कुरुद, गोपाल साहू सलाहकार, ओसाराम साहू, लखनलाल साहू, गैंदलाल साहू, नोहरसिंह साहू संरक्षक परिक्षेत्र मौरीखुर्द, नारायण साहू पूर्व अध्यक्ष गुदगुदा ने समाज द्वारा शिक्षा, संस्कार के क्षेत्र में किया जा रहे रचनात्मक कार्यों की प्रशंसा की।

मौके पर जिला साहू संघ उपाध्यक्षद्वय तोरणलाल साहू, केकती साहू, जिला सचिव लीलाराम साहू, संगठन सचिव उपेंद्र साहू परिक्षेत्र पदाधिकारी गौतम साहू, लखन साहू, मानिक राम, सनत साहू, हरिमारायण, तीरथ साहू, श्यामा चरण, सोमप्रकाश, समर कैंप में सेवाएं देने वाले शिक्षकगण गोविंद साहू, कुलेश्वर साहू, होमेंद्र साहू, डागेश्वर साहू, संजय साहू, अनामिका साहू, खुशबू साहू, आरती साहू, प्रदीप साहू, बलेंद्र साहू, मोहनिश साहू, निधि जैन, लब्धि जैन, समाजसेवी त्रिलोकचंद जैन, मोहन निषाद, घनश्याम साहू, टेकराम सोनकर, रामेश्वर साहू समेत अनेक मौजूद थे।

# रोड किनारे ठीक से नहीं फैलाई मुरूम, चालकों को हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी





सांकरा से सोंढूर मैनपुर देवभोग जाने वाले रास्ते का पिछले साल डामरीकरण किया गया। डामरीकरण के बाद अब रोड के किनारे गड्ढे कर छोड़ दिया गया था। 1 साल बीत गए गड्ढे को भरने मुरुम ही नहीं डाली गई। इस रोड पर कार, ट्रक,हाईवा का आना-जाना लगा रहता है । वहीं दोपहिया वाहन को साईड देने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हमेशा दुर्घटना का भय बना रहता है। पिछले वर्ष नाम मात्र कुछ जगहों पर मुरुम डाली गई थी मगर इस साल मई माह में ठेकेदार रोड किनारे कुछ जगहों पर मुरुम डालकर कई दिनों से छोड़ दिया है और उसे ठीक से फैलाया भी नहीं गया है। जांच नाका सांकरा सोंढूर जाने मैनपुर देवभोग रोड है। रोड किनारे मुरुम को ठीक से फैलाया नहीं गया है। आज भी कई जगहों पर गड्ढे ही दिखाई दे रहे हैं। वहीं दूसरी ओर ठेकेदार बीएसएनएल पाइप बिछाने गड्ढे खोद रहे हैं। कई जगह गड्ढे खोद छोड़ दिये गए। रोड की मिट्टी उड़ रही है जो आने-जाने वाले लोगों की आंखों में जा रही है। इससे मोटरसाइकिल साइकिल चलने वाले लोगों को काफी परेशानी का समाना करना पड़ रहा है। बिना अनुमति के ठेकेदार दवरा केबल पाइप बिछाने के लिये गड्ढा खोदा जा रहा है ।

लोक निर्माण विभाग नगरी से जानकारी लेने पर बताया गया कि ठेकेदार द्वारा बिना अनुमति बीएसएनएल पाइप केबल के लिए गड्ढा खोदा जा रहा था। जानकारी मिलते ही कार्य को बंद कराया गया।

# नेगीनाला व कोलियारी में हुआ पौधरोपण







हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

ग्राम नेगीनाला व कोलियारी में सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन समिति द्वारा पौधरोपण कर पर्यावरण दिवास मनाया गया। 1000 सीडबाल ग्राम कोलियारी में महिला स्व-सहायता समूह व पंच द्वारा बनाया गया। साथ ही 100 पौधों का रोपण व वितरण किया गया। 6000 सीडबाल व 2270 पौधों का रोपण करने के लिए शपथ ली गई। रश्मि साहू जनपद तकनीकी सहायक ने पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने, गांव में जितनी बेटियां हैं उनके नाम से एक एक पेड़ लगाने और उन पेड़ों का तीन साल तक ध्यान रखने की बात कही साथ ही जल बचाव, दीवार लेखन करवाकर ग्रामीणों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया गया। मौके पर विश्राम मरकाम, भादूराम, जग्गूराम मरकाम, ईश्वरी, तुलसी राम मांडवी सरपंच, रोहित कोमरे, समरू कावची, लीलाराम सलाम, सुनील मरकाम, लल्लू सलाम, संजू रजक परियोजना समन्वयक, सामुदायिक प्रशिक्षक कमल अग्रवाणी, प्रिया टैगोर, युवराज साहू उपस्थित थे।

# रासेयो छात्रों ने महाविद्यालय परिसर में रोपे पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶पुरी



शासकीय महाविद्यालय कंडेल में विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधरोपण किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शासकीय महाविद्यालय कंडेल द्वारा महाविद्यालय परिसर एवं आसपास क्षेत्र की साफ- सफाई की गई। उसके बाद निर्धारित स्थान पर पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य प्रोफेसर रविशदास ने कहा कि जिस गति सेपृथ्वी में तापमान में वृद्धि हो रही है एवं जलवायु परिवर्तन जैसी घटनाएं हो रही हैं। इन सबसे निपटने हमें पर्यावरण अनुकूल गतिविधियों को बढ़ावा देना चाहिए। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई सेजेस कंडेल के कार्यक्रम अधिकारी सीएल धीवर ने कहा कि मानव जाति को अपना भविष्य सुनिश्चित करने सजग होकर प्रकृति का संरक्षण करना चाहिए। रासेयो कार्यक्रम अधिकारी पीतांबर सिन्हा ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना वैश्विक शांति एवं मानव जाति के कल्याण हेतु प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने वाली एक संस्था है। मौके पर सहायक प्राध्यापक लक्ष्मीनारायण सिन्हा, लक्ष्मण सेन, संजय पवार, कमलेश दीवान, नूतन दीवान एनएसएस दलनायक हरिश्चंद्र साहू, भूमिका साहू, अंजलि तारक, रूमा साहू, गौरव साहू, राहुल साहू मौजूद थे।

# रबी में धान के बदले दलहन फसल लेने किसानों से किया आग्रह

हरिभूमि न्यूज ▶▶डांडेसरा(धमतरी)

■ डांडेसरा पंचायत में मनाया गया जल जगार




ग्राम पंचायत भवन डांडेसरा में जल जगार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सचिव खेदन लाल निषाद ने कहा कि भू-जल स्तर तेजी से नीचे गिर रहा है। किसानों से आग्रह किया कि रबी फसल में धान के बदले कम पानी वाली फसल दलहन तिलहन लगाये। नल-जल योजना के तहत गांव में व्यर्थ पानी बहने न दे, जितना पानी की जरूरत है, उतना ही उपयोग करें। उसके बाद नल बंद कर दें ताकि पानी किसी दूसरे के घर में काम आ सके। तालाबों, स्कूलों, आंगनबाड़ी, शासकीय भवनों एवं अन्य जलस्त्रोतों और नालियों की श्रमदान कर साफ़ सफाई करते रहे। स्वसहायता समूह एवं ग्राम संगठन से आग्रह किया कि इस कार्यक्रम में अपनी सहभागिता प्रदान करें।

झलेन्द्र कुमार कंवर करारोपण अधिकारी जनपद पंचायत कुरूद ने कहा कि पर्यावरण और जल को संरक्षित करना बहुत ही जरूरी है क्योंकि पृथ्वी हमारा एकमात्र घर है, जो जीवन को संभव बनाता है। हरे-भरे जंगल, स्वच्छ वायु, निर्मल जल और विविध जीव जंतु मिलकर इस धरती को एक संतुलित वातावरण देते हैं। यह संतुलन हमारे जीवन का आधार है। पर्यावरण को संतुलित रखने के लिए हर व्यक्ति को कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करना चाहिए। पीएसजी कर्मचारी टिकेश्वर साहू ने कहा कि आज जिस तरह पेड़ों को काटा जा रहा है, उस अनुपात में पौधारोपण नहीं हो रहा है, जिसके कारण पर्यावरण असंतुलित होने लगा है। इसकी वजह से तापमान में वृद्धि होने लगा है। मौके पर टकेश्वर साहू संकुल समन्वयक, सरपंच बिन्दु साहू, उपसरपंच कुन्ती नेताम, सरपंच प्रतिनिधि मुरलीधर साहू, एमन्त कंवर, भोलेश्वर यादव, कैलाश साहू, सियाराम रात्रे, सावित्री साहू, इतवारी साहू, प्रेमचन्द साहू, रामजी रात्रे, तीजन साहू, सरस्वती लहरे, नीतू जोशी, अंजु ध्रुव, संध्या साहू, पूनम साहू, पुष्पा साहू, कचरा साहू, देवकुंवर साहू, आंसीन कंवर, मंजू कंवर उपस्थित थे।

# राकेश 1500 मीटर दौड़ में रहा अव्वल, जीता गोल्ड मैडल

■ श्रीलंका में होने वाली अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में बनाई जगह

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड



संयुक्त भारत खेल फेडरेशन इंडिया (इंदु श्री ऑर्गनाइजेशन) के तत्वावधान में 24 मई से 26 मई तक विभिन्न खेलों का आयोजन जम्मू यूनिवर्सिटी जम्मू कश्मीर में किया गया था जिसमें भारत देश के लगभग 23 राज्यों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ कबड्डी, फुटबॉल खिलाड़ी ने जम्मू कश्मीर टीम को फाइनल ने हराकर गोल्ड मेडल विजेता बना और छत्तीसगढ़ राज्य का नाम रोशन किया। इसमें मगरलोड विकासखंड के ग्राम पंचायत हसदा के राकेश पटेल ने 1500 मीटर दौड़ में टाइमिंग 4:25 सेकंड में प्रथम स्थान अर्जित कर गोल्ड मेडल जीतकर श्रीलंका में होने वाली अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में जगह बनाई है। इस उपलब्धि पर हसदा सरपंच जगदीश साहू, उपसरपंच टेकराम साहू, जनपद सदस्य सुनीति मनहरण पटेल, ग्रामीण अध्यक्ष काशी साहू व अन्य ग्रामीणों ने हर्ष जताया है।

# अमलीडीह के ग्रामीणों को बताया पानी का महत्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोर्रा(भखारा)



ग्राम पंचायत अमलीडीह के जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामवासियों ने जल जगार करने एवं नारी शक्ति से जल शक्ति के तहत संपूर्ण ग्राम का भ्रमण किया। सरपंच शिव दयाल साहू की अगुवाई में इस कार्यक्रम को गति प्रदान की गई। ग्रामवासियों को ग्राम पंचायत सचिव रामस्वरूप द्वारा शपथ दिलाई गई कि जलजगार के माध्यम से जल का संरक्षण करना है। सभी को जल का महत्व बताया गया।

## बरगद की परिक्रमा कर सात बार धागा लपेटा, सत्यवान सावित्री की कथा सुनी

# सुहागिनों ने रखा वट सावित्री का व्रत

हरिभूमि न्यूज ▶▶जीजामगांव



ग्राम मड़ेली में सुहागिनों ने वट सावित्री का व्रत रखा । हर साल ज्येष्ठ मास की अमावस्या को वट सावित्री व्रत रखा जाता है। इस दिन सुहागिनें पति की लंबी आयु और सुखी वैवाहिक जीवन की कामना के साथ व्रत रखती हैं। इस दिन बरगद के पेड़ की पूजा की जाती है। साथ ही सत्यवान और सावित्री की कथा पढ़ी जाती है। इस दिन को वट अमावस्या, बड़ अमावस्या और वट सावित्री व्रत के नाम से जाना जाता है। 6 जून गुरुवार को वट सावित्री का व्रत रखा गया। इस दिन बरगद की पूजा की गई । बरगद की परिक्रमा करके सात बार सूत का धागा लपेटा गया। वृक्ष के नीचे सत्यवान सावित्री की कथा सुनी। हिंदू धर्म के अनुसार हिंदू धर्म में वट वृक्ष को पीपल की तरह ही पूजनीय माना गया है। इस वृक्ष की आयु बहुत लंबी होती है। इस कारण इस वृक्ष को अक्षय वृक्ष भी कहा जाता है। ऐसे में सुहागिन महिलाएं इस वृक्ष की पूजा करके और वृक्ष के नीचे सत्यवान और सावित्री की कथा पढ़कर यह प्रार्थना करती हैं कि बरगद के पेड़ की तरह उनके पति को भी दीर्घायु मिले और जिस तरह सावित्री ने अपने पति और उसके परिवार के सभी संकटों को चतुराई से दूर कर दिया था, उसी तरह हम सभी के परिवार से भी संकट दूर हों। सुहागिन महिलाओं ने सुबह उठकर स्नानादि करने के बाद व्रत का संकल्प लिया। वट वृक्ष के नीचे सावित्री-सत्यवान और यमराज की मूर्ति स्थापित कर वट वृक्ष की जड़ में जल डाला। रोली, अक्षत, पुष्प, धूप-दीप से वट वृक्ष की पूजा की भोग के तौर पर प्रसाद अर्पित कर और वृक्ष के नीचे बैठकर सत्यवान और सावित्री की कथा सुनी। इसके बाद बरगद वृक्ष की सात बार परिक्रमा करते हुए कच्चा सूत लपेटकर यमराज से प्रार्थना की कि जिस तरह उन्होंने सावित्री के जीवन के सारे दुख दूर किए उसी तरह हमारे जीवन के भी दुख दूर करें।

पूजा स्थल पर केशर साहू, सुमन साहू, निर्मला, प्रमिला, किरण, डलेश्वरी, उषा साहू, सीता सोनी, सरस्वती सोनी, चांदनी शर्मा, प्रिया साहू, सती साहू, जगीता साहू, लता, खिलेश्वरी, नेमेश्वरी साहू, प्रीति साहू सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं।

**Pride of Dhamtari**

आपके शहर धमतरी में
श्री मेडिशाईन हॉस्पिटल, रायपुर से
प्रख्यात चिकित्सकों व्दारा चिकित्सा परामर्श
ओ.पी.डी.
कृपया पुरानी रिपोर्ट साथ लावें
पंजीयन आवश्यक - 7389936624
स्थान : क्रिश्चन हॉस्पिटल ,बस स्टैण्ड के सामने, धमतरी
अगर आप मस्तिष्क रोग, स्लिप डिस्क, एवं हृदय रोग से सम्बंधित लक्षण व परेशान है तो अवश्य परामर्श लेवें
डॉ अक्षय बैद — MS,MCh, Neurosurgeon, ब्रेन सर्जरी विशेषज्ञ, 07 जून 2024 शुक्रवार
डॉ आशु जैन — MS,MCh, Neurosurgeon, ब्रेन सर्जरी विशेषज्ञ, 14 जून 2024 शुक्रवार
डॉ जोगेश — MD,DM Interventional Cardiologist, 15 जून 2024 शनिवार

CBK EV MOTORS PVT LTD
नगरी रोड, दानीटोला वार्ड, धमतरी छ.ग. 96850-87353, 96917-92510
खरीदें CBK EV MOTORS से Electric Scooter
25 से 100% और पाएं सभी स्कूटर पर आकर्षक उपहार
एवं कैश बैक पाने का सुनहरा मौका
भूपेंद्र कुमार दादर

मेसर्स बजरंग इंडस्ट्रीज
खपरी, धमतरी
प्रोफाइल शीट (चादर), शटर पट्टी के निर्माता
प्रोफाइल शीट सभी कलर में उपलब्ध
◆ हमारे यहां गोल पाइप, चौरस पाइप, एंगल पट्टी, सभी साइज में उपलब्ध है।
◆ राइस मिल फिटिंग एवं रिपेयरिंग, कैंची शेड एवं गोदाम का निर्माण किया जाता है।
संपर्क : चंद्रकैलाश साहू, ग्राम खपरी (धमतरी) मो. 73890-44159, 80852-95569

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 83058-71196, कुरुद - 98268-82770, नगरी -77488-10431, मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-238756

तापमान
अधिकतम 38 डिग्री
न्यूनतम 28 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि

रायपुर, रविवार 9 जून 2024

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड



12 तनाव से दूर रहने जिला जेल के बंदियों ने किया योगा





13 शहर की आधे से ज्यादा कालोनियां अवैध




## खबर संक्षेप

### लिमतरा परिक्षेत्र साहू समाज की बैठक आज

**धमतरी।** लिमतरा परिक्षेत्र साहू समाज की बैठक 9 जून को सुबह 10 बजे रखी गई है। अध्यक्ष हंसराज साहू एवं सचिव ज्ञानानंद ने बताया कि बैठक में वार्षिक आय-व्यय संबंधी जानकारी एवं प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं का सम्मान किया जायेगा। सामाजिक आवेदनों पर विचार-विमर्श किया जायेगा। उन्होंने पदाधिकारियों से उपस्थिति की अपील की है।

### परसवानी में विजय सम्मान समारोह आज

**मगरलोड।** लोकसभा क्षेत्र कांकेर चुनाव में भाजपा मंडल मगरलोड द्वारा विजय प्राप्त होने पर विजय सम्मान समारोह का आयोजन 9 जून रविवार को सुबह 11 बजे परसवानी में रखा गया है। इस दौरान भाजपा मंडल मगरलोड के सभी बूथ अध्यक्षों को सम्मानित किया जाएगा। मंडल अध्यक्ष विजय यदु, महामंत्री रामायण सिन्हा ने पार्टी के सभी प्रकोष्ठों से उपस्थिति की अपील की है।

### धोबी समाज का महाधिवेशन स्थगित

**धमतरी।** 9 जून को रायगढ़ में धोबी समाज का महाअधिवेशन होना था, परंतु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह के कारण इसे स्थगित किर दिया गया है। प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर एवं जिला अध्यक्ष अवधेश कुमार सोन ने बताया कि शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने सभी अतिथि दिल्ली जा रहे हैं। इसकी विधिवत सूचना मुख्यमंत्री निवास, वित्त मंत्री कार्यालय से प्राप्त हुई। इस कारण यह कार्यक्रम स्थगित किया गया है।

मंडी में व्यापारियों द्वारा खरीदी नहीं करने से धान की आवक हुई कमजोर

# राइस मिल सौ से ज्यादा, मंडी सिर्फ तीन व्यापारियों के भरोसे

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

कृषि उपज मंडी में धान की खरीदी मात्र तीन व्यापारियों के भरोसे चल रही है। बाकी व्यापारी तो सीधे मिलों में ही किसानों का धान खरीद रहे हैं। मंडी में व्यापारियों के नहीं आने से धान का मूल्य और धान की आवक कम है। मजदूरों को पर्याप्त काम नहीं मिल रहा है। मजदूरों ने चेतावनी दी है कि यदि व्यवस्था में सुधार नहीं किया जाता है तो वे सोमवार को प्रदर्शन करेंगे।

भरे सीजन में भी कृषि उपज मंडी में धान की आवक कमजोर है। यहां प्रतिदिन 2 से 3 हजार कट्टा धान ही आ रहा है। ऑफ सीजन में आवक 4-5 सौ कट्टा में सिमट जाती है। यहां पर मजदूरों को पर्याप्त काम नहीं मिल रहा है, जिसके कारण मजदूरों की संख्या धमतरी कृषि उपज मंडी से घटती जा रही है। मंडी श्रमिक एकता यूनियन के कोषाध्यक्ष देवव्रत साहू, थल्लू बंजारे, ईश्वर सिन्हा, आशीष मंडावी ने बताया कि धमतरी की तुलना कुरूद कृषि उपज मंडी से करें तो वहां रोजाना 15-20 हजार कट्टा धान आ रहा है। धमतरी मंडी में आवक बढ़ाने के लिए अधिकारी प्रयास ही नहीं कर रहे हैं, जिससे यहां के मजदूरों को पर्याप्त काम नहीं मिल रहा है। यदि सौदा पत्रक से खरीदी बंद की जाए तो पूरा धान मंडी में आएगा। इससे सभी को काम मिलेगा। व्यापारियों की संख्या बढ़ने से किसानों को धान का मूल्य भी ज्यादा मिलेगा।



### नहीं आते व्यापारी

मंडी के मजदूरों ने बताया कि धमतरी मंडी क्षेत्र में 100 से ज्यादा व्यापारी हैं लेकिन वे खरीदी करने के लिए मंडी आते ही नहीं है। सीधे मिलों में किसानों से धान की खरीदी करते हैं। कृषि उपज मंडी सिर्फ तीन व्यापारियों के भरोसे चल रही है। सूर्या राइस मिल, अंबिका राइस मिल और खंडेलवाल राइस मिल। तीनों राइस मिलर मंडी में रेगुलर धान की खरीदी कर रहे हैं। मंडी में व्यापारियों की संख्या कम होने से धान की बोली के दौरान रेट को लेकर कम्पिटिशन ही नहीं होती है, जिसके चलते किसानों को भी धान का कम दाम मिलता है।

### सौदा पत्रक से होती है खरीदी

सौदा पत्रक किसानों और व्यापारियों के बीच लेन-देन को सुलभ करने की सुविधा है। इसके तहत मंडी में धान लाए बिना ही किसान सीधे मिलों में व्यापारियों को धान बेच देता है। सौदा पत्रक में इस धान की खरीदी-बिक्री का अनुबंध होता है। सौदा पत्रक से खरीदी-बिक्री पर मंडी में शुल्क पटाया जाता है। उल्लेखनीय है कि सौदा पत्रक से किसान और व्यापारियों को तो सुविधा मिल जाती है लेकिन मंडी श्रमिकों का नुकसान उठाना पड़ रहा है। ज्यादातर धान सीधे मिलों में बिक जाता है। मंडी में काम धान आने से उन्हें पर्याप्त काम नहीं मिलता है।

### मजदूरों का हो रहा मोहभंग

कृषि उपज मंडी में आवक कम होने से मजदूरों का मोहभंग हो रहा है। कई रेजा मंडी छोड़कर दूसरे कामों में लग गई है। स्थिति यह है कि मंडी में आने वाले धान को बोरों में भरने के लिए रेजा की कमी बनी हुई है। बोरा भरने से लेट होने से अन्य मजदूरों को भी परेशानी होती है। शुक्रवार को कांटा हमालों ने रेजा की कमी पर नाराजगी जताते हुए काम बंद कर दिया था। उन्होंने बताया कि बोरा भरने में विलंब होने से तौलाई का काम भी घंटों प्रभावित रहा है। उधर मंडी में काम बंद होने से किसान नाराज हो गए हैं। बाद में हमालों और किसानों के बीच समझौता हुआ और काम शुरू हुआ।

## किसान को लगाया चूना, खरीदी करोड़ों की जमीन, दिए साढ़े 6 लाख

- पीड़ित किसान ने पुलिस अधीक्षक से लगाई न्याय की गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

भखारा-रायपुर रोड स्थित किसान की एक जमीन का कुछ लोगों ने पौन तीन करोड़ रूपए में सौदा किया। 31 मई को इसकी रजिस्ट्री भी करवा डाली। किसान को सरकारी गाइडलाइन की दर के अनुसार मात्र 6 लाख 55 हजार रुपए दिए गए हैं। बाकी राशि आज तक नहीं दी गई है। परेशान किसान ने इसकी शिकायत पुलिस अधीक्षक से करते हुए न्याय दिलाने की मांग की है।

मामला भखारा तहसील के ग्राम कचना है। यहां के रहने वाले किसान बुधारु सतनामी, गंगाप्रसाद सतनामी की ग्राम कानामुका में 0.18 हे. जमीन है। यह जमीन पुराना रायपुर रोड के किनारे है, जिस कारण जमीन की कीमत काफी अधिक है। रायपुर निवासी विकास लोहाना इस जमीन को खरीदने के लिए किसान से 2 करोड़ 75 लाख रुपए में सौदा किया। किसान को 1100 रुपए बयाना भी दिया। सौदा के अनुसार क्रेता द्वारा एक सप्ताह के अन्तर्गत रजिस्ट्री करने का आश्वासन दिया था। तय सौदा के अनुसार किसान अपने भतीजों के साथ 31 मई 2024 को उपपंजीयक कार्यालय कुरुद में पहुंचा और क्रेता दिव्येश अतुल संघानी एवं उसके प्रतिनिधि विकास लोहाना को जमीन की पूरी कीमत देने के लिए कहा। क्रेता ने चेक के माध्यम से संपूर्ण रकम का भुगतान रजिस्ट्री होने के बाद बैंक में जाकर आरटीजीएस के माध्यम से करने का आश्वासन दिया। बात-चीत के बाद सभी सहमत हो गए और रजिस्ट्री भी हो गई। किसान ने बताया कि वे रजिस्ट्री के पश्चात क्रेता एवं उनके प्रतिनिधि के साथ एक्सिस बैंक पहुंचे। यहां पर उन्हें सरकारी गाइडलाइन के अनुसार उसे 3 लाख 67 हजार रुपए व भतीजा गंगाप्रसाद वगैरह को 2 लाख 88 हजार रूपए का भुगतान किया गया। राशि ज्यादा होने व बैंक का सर्वर नहीं होने के कारण बाकी राशि 1-2 दिन के पश्चात खाते में डालने का आश्वासन दिया। आज तक राशि उनके खाते में नहीं आई है। किसान के साथ बसपा नेता आशीष रात्रे, सतनामी समाज के विरेन्द्र सोनवानी ने इस प्रकरण को लेकर धमतरी एसपी से मुलाकात की। उन्होंने धोखाधड़ी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।



## नाले में गिरी कार, सवार युवक बाल-बाल बचे

**सिर्री।** सिर्री से आलेखुंटा जाने के मार्ग में लक्ष्मी राइस मिल के सामने नाले में कार गिर गई। कार में 7 युवक सवार थे जो बाल-बाल बचे। घटना 8 जून की शाम 4 बजे है। डौंडीलोहारा से हुंडई ग्रेंड आई 10 कार क्रमांक सीजी 04 एनए 3013 में 7 युवक सवार होकर शनिवार की शाम राजिम में पिकनिक मनाने के लिए जा रहे थे। बताया जाता है कि कार चालक नशे में था और अचानक रास्ते में गाय आने से उसे बचाने के चक्कर में कार मिल के सामने नाले में नीचे गिरकर पलट गई। इस घटना में सभी युवकों को मामूली चोट आई है। ग्रामीणों की मदद से घायलों को तुरंत सिर्री के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया।



## मॉर्निंग वॉक पर निकले दो लोगों को अज्ञात वाहन ने मारी ठोकर, एक युवक की मौत

- भखारा के बिजली आफिस के पास हुई घटना, आक्रोशित नगरवासियों ने किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी

मॉर्निंग वॉक पर निकले दो लोगों को अज्ञात वाहन ने अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना में एक युवक की मौत हो गई। इस घटना से आक्रोशित भखारावासियों ने चक्काजाम किया। इससे आने जाने-वाले परेशान हो गए। तहसीलदार की समझाइश के बाद चक्काजाम समाप्त किया।

भखारा- रायपुर-धमतरी मार्ग में वाहनों की हमेशा आवाजाही लगी रहती है। भारी वाहन भी इसी रोड से गुजरते हैं। अनियंत्रित व तेज रफ्तार के चलते कई दुर्घटनाएं भखारा में घट चुकी हैं। शनिवार की सुबह लगभग 4 बजे नगर पंचायत भखारा में अज्ञात वाहन ने दो लोगों को अपनी चपेट में ले लिया जिसमें वार्ड क्रमांक 8 निवासी वेदराम यादव 42 वर्ष पिता स्व. जवाहर लाल यादव की मौक़े पर ही मौत हो गई वहीं चंद्रहास साहू पिता कुंदन उम्र 45 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 9 बुरी तरह घायल हो गए। जानकारी के अनुसार दो लोग सुबह मॉर्निंग वॉक के लिए निकले थे जैसे ही बिजली आफिस के पास वे पहुंचे थे। पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने दोनों को ठोकर मार दी जिसमें चंद्रहास साहू दूर फेंका गया और वेदराम यादव को बिजली आफिस से लेकर स्टेट बैंक तक लगभग एक किलोमीटर घसीटते ले गया। इस हादसे के बाद धीरे-धीरे लोग एकत्रित होने लगे। आक्रोशित लोगों ने नगर पंचायत भखारा गार्डन के सामने मुख्य मार्ग पर चक्काजाम किया। नगर भखारा रोड में हादसा थमने का नाम नहीं ले रहा है। इस रोड पर लगातार घटना घट रही है। ज्ञात हो कि नेशनल हाइवे में टोल प्लाजा शुरू होने से रायपुर धमतरी मार्ग में अब ट्रेफिक बढ़ जाएगा। इस दुघटना से आक्रोशित लोगों ने बताया कि दुर्घटना रोकने के लिए उचित व्यवस्था करने कई बार आवेदन दे चुके हैं लेकिन प्रशासन गहरी निंद्रा में सोया है। किसी भी प्रकार का समाधान नहीं किया जाता है। नगर पंचायत भखारा में बाईपास निर्माण की सख्त आवश्यकता है। चक्काजाम के दौरान भखारा पुलिस की टीम मौजूद रही। चक्काजाम कर रहे नगरवासियों को तहसीलदार ने समझाइश दी। उसके बाद चक्काजाम समाप्त हुआ। इस दौरान दोनों ओर गाड़ियों की लाइन लग गई थी।




## दो दिन में धमतरी पहुंच जाएगा मानसून

- दक्षिण छग के सुकमा जिले को क्रॉस कर गया है मानसून

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

इस साल मानसून समय से तीन दिन पहले दक्षिण छत्तीसगढ़ पहुंच गया है। शनिवार को दक्षिण पश्चिम मानसून ने सुकमा जिले में प्रवेश कर लिया है। सोमवार तक धमतरी जिले में मानसून के पहुंचने की संभावना है।

मौसम विज्ञान विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 8 जून को छग के सुकमा जिले में मानसून ने प्रवेश कर लिया है। मानसूनी गतिविधियों के चलते दक्षिण छग में अधिकतम तापमान 35 डिग्री पर आ गया है। मध्य एवं उत्तर छग में 24 घंटों तक अधिकतम तापमान में विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। 24 घंटे के बाद तापमान में 1 से 2 डिग्री की वृद्धि हो सकती है। शुक्रवार को मगरलोड क्षेत्र में 1 सेमी बारिश दर्ज की गई है। प्रदेश के एक दो स्थानों में हल्की से मध्यम बारिश के आसार बने हुए हैं। गरज-चमक के साथ अंधड़ एवं वज्रपात होने की संभावना है। एक चक्रवाती परिसंचरण पूर्वी बिहार के उपर समुद्र तल से 0.9 किमी की उंचाई पर है। शनिवार को जिले में अधिकतम तापमान 40 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 26 डिग्री पर रहा।




### गरज-चमक के साथ बौछारें

शनिवार की शाम 7 बजे के बाद मौसम ने करवट ली। आसमान पर बादल छाने के साथ तेज हवाएं चलने लगी। गरज-चमक के साथ हल्की बौछारें हुई। मौसम विभाग ने जिले के कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई है।

## इलाज के दौरान घायल युवक का पैर काटना पड़ा, चालक पर हुई कार्रवाई

- कुछ माह पहले बस ने बाइक सवारों को मारी थी ठोकर, सलोनी मार्ग की घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

खेत देखने जा रहे बाइक सवारों को तेज रफ्तार बस ने ठोकर मार दी थी। इस घटना में घायल दो युवकों में से एक युवक का पैर इलाज के दौरान काटना पड़ गया। इस मामले में पुलिस ने आरोपी बस चालक के खिलाफ कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार केरेगांव थाना क्षेत्र के ग्राम सलोनी निवासी परदेशी विश्वकर्मा पिता गजपाल उम्र 34 वर्ष कुछ माह पहले अपने साथी केवल ध्रुव पिता प्रहलाद उम्र 38 वर्ष के साथ शाम को मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 04 एमएम 7526 से खेत में लगी अपनी फसल को देखने जा रहा था। इसी दौरान सलोनी-छुही मार्ग पर पीछे से आ रही बस क्रमांक सीजी 23 ई 0898 के चालक ने तेज गति व लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए मोटरसाइकिल को जोरदार ठोकर मार दी। बस की टक्कर से बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर गए। घटना में केवल ध्रुव पैर में गंभीर चोट लगने के कारण घटनास्थल में बेहोश हो गया। बस के टक्कर मारने की आवाज सुन वहां से गुजर रहे गांव के फूलजी ध्रुव एवं मिलऊराम तत्काल घटनास्थल पहुंच संजीवनी 108 को घटना की सूचना दी। एम्बुलेंस के पहुंचने पर घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को उपचार के लिए रायपुर रिफर किया गया। रायपुर के मेकाहारा अस्पताल में 10 दिन चले उपचार में परदेशी के पैर में गंभीर चोट के कारण रॉड डाली गई। वहीं घायल केवल ध्रुव के दाहिने पैर को हादसे में बुरी तरह कुचल जाने के कारण काटकर अलग कर दिया गया। लगातार चले उपचार के बाद स्वास्थ्य में सुधार आने पर परदेशी ने केरेगांव थाना पहुंचकर घटना की शिकायत दर्ज कराई।

पुलिस आरोपी बस चालक के खिलाफ धारा 279, 337, 338 के तहत अपराध दर्ज कर कार्रवाई कर रही है।


पाठक सूचना
धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768 9098324969


प्रति ट्रेक्टर 200 रूपए की वसूली, रेत माफिया काट रहे हैं चांदी

# रेत का अवैध परिवहन, 11 ट्रेक्टर्स पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

अवैध रूप से रेत परिवहन में लिप्त करीब दर्जन भर ट्रेक्टरों पर खनिज विभाग का डंडा चला है। शुक्रवार को माइनिंग टीम सुबह से सक्रिय हो गई। अवैध परिवहन कर रहे ट्रेक्टरों को दौड़ा-दौड़ाकर पकड़ा गया। टीम ने अवैध खदानों पर दबिश देकर रेत से भरी 11 ट्रेक्टर-ट्राली को रूद्री थाना में पहुंचाया। माइनिंग की ताबड़तोड़ कार्रवाई से ट्रेक्टर संचालकों में हड़कंप हैं।

माइनिंग सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार शर के करीब अमेठी, अछोटा, मथुराडीह, परसुली, दर्री, खरेंगा स्थित महानदी के अवैध रेत घाटों से रेत का अवैध रूप से परिवहन हो रहा है। सालों से चल रहे रेत के काले कारोबार में सैकड़ों ट्रेक्टर लगे हुए हैं। कलेक्टर के निर्देश पर शुक्रवार को उक्त खदानों में दबिश देकर तथा सड़कों पर दौड़ रहे रेत से भरे ट्रेक्टरों की जांच की गई। ट्रेक्टर ड्राइवरों के पास रेत परिवहन का पास नहीं पाये जाने पर माइनिंग अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। बताया गया है कि 11 ट्रेक्टरों को पकड़कर रूद्री थाना में खड़ा किया गया है। अवैध परिवहन में लिप्त ट्रेक्टरों पर अवैध गौण खनिज परिवहन की कार्रवाई की जाएगी।



### महाराष्ट्र के पांच ट्रकों पर हुई कार्रवाई

खनिज विभाग ने गत दिनों महाराष्ट्र के पांच ट्रकों को अवैध रेत परिवहन के मामले में पकड़ा है। कम्पोजिट बिल्डिंग के पास खड़े किए गए ट्रकों के ड्राइवरों ने बताया कि राजपुर खदान से वे प्लास्टर रेत लेकर वापस आ रहे थे। ग्राम मथुरा के पास माइनिंग टीम ने उन्हें पकड़ा। उस समय उनके पास ट्रांजिट पास नहीं था। ड्राइवरों ने बताया कि अक्सर वे रेत भरकर सिहावा रोड स्थित धर्मकांटा में पहुंचते हैं। यहां अंडरलोड का वजन कराते हैं। धर्मकांटा में ही ट्रांजिट पास दिया जाता है लेकिन धर्मकांटा पहुंचने से पहले ही माइनिंग विभाग ने कार्रवाई कर दी।

### प्रति ट्रीप 200 रू. की अवैध वसूली

ट्रेक्टर संचालकों ने बताया कि भवन निर्माण सामग्री के परिवहन में करीब 200 ट्रेक्टर शहर तथा आसपास गांव में सप्लाई देते हैं। इसमें हजारों मजदूर और ड्राइवरों को काम मिलता है। शहर के करीब वैध खदानें नहीं हैं। अवैध खदानों से रेत निकासी पर प्रति ट्रेक्टर 200 रूपये वसूला जाता है। यह अवैध वसूली ग्राम पंचायतों की गुप्त सहमति पर रेत माफियाओं द्वारा कराई जाती है। यह गोरखधंधा सालों से चल रहा है। माइनिंग की कार्रवाई से बिल्डिंग मटेरियल सप्लायरों में हड़कंप मचा हुआ है।


सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने
पता - धमतरी. मो.नं. : 9993010732
लकवा, शरीर में होने वाले सभी प्रकार के दर्द, साइटिका, नस रोग
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, शुगर रोग, सिर दर्द, मूत्र रोग, टी.बी., पीलिया, पथरी, केशरोग, नेत्र व दांत रोग का इलाज होता है

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं- पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 8,500/-
सुनहरा अवसर
स्पेशल ट्रेन से 08 जून से 14 जून 2024
जय माता दी... चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है.... सबसे कम राशि पर
माता वैष्णव देवी
हरिद्वार,मथुरा वृंदावन (श्री कृष्ण जन्मभूमि)
अंतिम अवसर केवल 09 सीट बांकी
राशि:- स्लीपर 8500/- 3 एसी 16,500/-2 एसी 21,500/ (+5% GST)
छत्तीसगढ़ के श्रवण कुमार
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
Since-2007
RAIPUR- D-36 Sector - 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

योग चिकित्सकों ने दी बंदियों को योग एवं आयुर्वेद की जानकारी

# तनाव से दूर रहने जिला जेल के बंदियों ने किया योगा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी





महानिदेशक जेल एवं सुधारात्मक सेवाएं छग रायपुर की पहल पर प्रभारी जेल अधीक्षक विनय कुमार पोयाम, संयुक्त कलेक्टर के मार्गदर्शन में जिला जेल धमतरी में जेल एवं आयुष विभाग की वार्षिक कार्ययोजना के तहत प्रतिमाह जेल में परिरूद्ध बंदियों के लिए स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम योग एवं आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। 4 से 8 जून तक पांच दिवसीय योग शिविर लगाया गया। जिला धमतरी के आयुष पाली क्लिनिक की डॉ. रेवती नेताम योग चिकित्सक एवं योग सहायिका कुमारी सृष्टि मगर एवं कुमारी रूचि साहू ने बंदियों को योग एवं आयुर्वेद के बारे में जानकारी देकर योग एवं प्राणायाम योगाभ्यास करवाया। बंदियों का उत्साहवर्धन करते हुए सहायक जेल अधीक्षक एनके डहरिया ने भी योगाभ्यास किया। सुबह छह से सात बजे तक डॉ. रेवती नेताम ने विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराया। उन्होंने बंदियों को मानसिक तनाव से निजात दिलाने एवं कमजोर पाचन तंत्र को मजबूत करने एवं फेफड़ा, मस्तिष्क में आक्सीजन की आपूर्ति बढ़ाने वाले सर्वाइकल, कमल दर्द, पीठ दर्द, हाथ पैर दर्द दूर करने वाले योगासनों का लाभ बताते हुए योग अभ्यास करवाया। डॉ. नेताम ने बंदियों से कहा कि नियमित रूप से योगाभ्यास करते रहेंगे तो शरीर एवं मन से संबंधित बीमारियां नहीं होंगी।

योग सहायिका रूचि साहू ने बंदियों को प्रत्येक आसन करके दिखाया। जिला जेल के सहायक अधीक्षक एनके डहरिया ने कहा कि बंदियों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रखने हर माह जेल प्रशासन की ओर से योग का कार्यक्रम करवाया जा रहा है। बंदीगण जेल में आने के बाद परिवार से दूर हो जाते हैं इसलिए तनाव का शिकार हो जाते है। मानसिक तनाव की स्थिति में गुजरते हैं तो मन में नकारात्मक बातें घर कर जाती हैं। शिविर के अंतिम दिवस जेल में परिरूद्ध 262 बंदियों व अधिकारी कर्मचारीगण नरेन्द्र कुमार डहरिया, सहायक जेल अधीक्षक, दानीलाल साहू शिक्षक, शत्रुधनलाल शर्मा मुख्य प्रहरी, निरंजन रात्रे प्रहरी, लखन बंजारे प्रहरी ने योगा किया।

# अटंग में बाहरी ओवरलोड वाहनों की बढ़ी आवाजाही

- मरौद टोल नाका के टैक्स से बचने हल्के, भारी वाहन ग्रामीण सड़कों की ओर रुख कर रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

ग्राम पंचायत अटंग के ग्रामीणों ने गांव में लगातार ओवरलोड भारी वाहनों की आवाजाही में रोक लगाने की मांग की है। ग्रामीणों ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कुरूद को ज्ञापन सौंपा है। ग्रामीणों ने बताया कि एनएच 30 से अटंग करीब है, लेकिन कुछ दिन पहले 3 जून को मरौद टोल नाका चालू हुआ है और टोल टैक्स बचाने के चक्कर में दूर दराज के निजी कार, हल्के भारी तथा ओवरलोड वाहनों की आवाजाही ग्रामीण सड़क तरफ हो गई है। टोल टैक्स बचाने के लिए हल्के, भारी एवं सभी ओवरलोड वाहनों ने आवाजाही के लिए ग्रामीण सड़कों की रुख कर दिया है। ग्रामीण सड़कों पर भारी वाहनों के लगातार दौड़ने से कारण ग्रामवासी भयभीत हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इससे ग्रामीण सड़क बदहाल हो रही है तथा हमेशा जनहानि या किसी अप्रिय घटना की संभावना बनी हुई है। उक्त मामले को लेकर शासन प्रशासन से उचित कार्रवाई की मांग ग्रामीणों ने की है। कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में ग्रामीणों ने सड़क की लड़ाई लड़ने की बात कही है। इसके लिए शासन प्रशासन स्वयं जिम्मेदार होगा।

# धार्मिक स्थलों में तोड़फोड़ की उच्चस्तरीय जांच की मांग, 10 को बलौदाबाजार में महाआंदोलन



- सतनामी समाज ने धमतरी एसपी को ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सतनामी समाज के धार्मिक स्थलों में हुई तोड़फोड़ की उच्चस्तरीय जांच की मांग को लेकर सामाजिक युवाओं ने एसपी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञात हो कि बीते दिनों अमरगुफा महकोनी गिरौदपुरी में स्थित जोड़ा जैतखाम को असामाजिक तत्वों ने आरी से काटकर ध्वस्त कर दिया था। पुलिस ने करवाई करते हुए सहरसा बिहार से पानी टंकी निर्माण कार्य में आए 3 लोगों को आरोपी बताकर जेल दाखिल कर दिया था। इस करवाई से सतनामी समाज संतुष्ट नहीं दिख रहा है। युवा सतनामी समाज के कोमल संभाकर ने बताया कि सतनामी समाज की प्रमुख आस्था का केंद्र गिरौदपुरी धाम से लगे ग्राम महकोनी में गुरु घासीदास के ज्येष्ठ पुत्र गुरु अमरदास के नाम से अमर गुफा स्थित है। असामाजिक तत्वों द्वारा जैतखाम को आरी से काटकर फेंक दिया गया था, साथ ही लोहे के चैनल गेट को काटकर फेंक दिया था। यह सुनियोजित ढंग से समाज की आस्था के प्रतीक को काटे जाने का मामला प्रतीत हो रहा है। जैतखाम को काटने व जलाने का मामला छत्तीसगढ़ में कई जगहों से सामने आया है। युवा सतनामी समाज के अध्यक्ष विनोद डिंडोलकर ने कहा कि इस प्रकार की घटना से समाज आहत है। सतनामी समाज 10 जून को बलौदाबाजार में महाआंदोलन करेगा। ज्ञापन सौंपने वालों में कोमल संभाकर, विनोद डिंडोलकर, कुंदन टंडन, अजय डहरिया, अनिल कुर्रे, योगेश डहरिया, कुशल डिंडोलकर, तामेश बंजारे, ठाकुरराम बंजारे, देव कुर्रे, आकाश बंजारे, अप्पू बंजारे, धनेश नवरंग, प्रवीण टोंडे, मोरध्वज यादव, हेमन्त आडिल मौजूद थे।

# जन्मदिवस पर पौधारोपण कर मरीजों को फल बांटे



हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

नगर पंचायत मगरलोड भैंसमुंडी के वार्ड क्रमांक 4 निवासी तामेश्वर सिन्हा ने अपने जन्मदिवस को यादगार बनाने के लिए अपनी पत्नी ललिता सिन्हा के साथ मिलकर मगरलोड स्थित तालाब व मंदिर के पास पीपल, कदम, नीम पौधों का रोपण किया। साथ ही श्री सिन्हा ने इन पौधों को अपने एक परिवार के सदस्य की तरह पालन पोषण करने का संकल्प भी लिया। इसके बाद मगरलोड में संचालित कान्हा हॉस्पिटल में जाकर



मरीजों को केला, जलेबी, बिस्किट, चाकलेट का वितरण कर उसके स्वास्थ्य सुधार की कामना की। इस अवसर पर राजेंद्र साहू, बालाराम साहू, तुलसी राम साहू, नोकेश्वर साहू, जिया, प्रिया, रिया सिन्हा सहित मरीज एवं उनके परिजन उपस्थित थे।

# पेड़ों को पानी देकर जताई खुशी



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सार्थक स्कूल के सदस्यों एवं धमतरी के नागरिकों ने कुछ वर्ष नेहरू स्कूल परिसर में पौधे लगाए थे। वे पौधे अब छोटे बड़े पेड़ बन गए हैं। पौधे लगाने वाले गोपाल शर्मा, मदन मोहन खंडेलवाल, जेआर सोनवानी, डिकेश सोनवानी, डिगेश शर्मा, जगदीश देवांगन, स्नेहा राठौड़, सरिता दोशी ने सार्थक स्कूल आकर अपने लगाए हुए पौधों की वृद्धि देखी और प्रसन्नता जाहिर की और पेड़ों में पानी देकर अपना स्नेह व्यक्त किया। वृक्ष प्रेम दिवस के अवसर पर स्कूल के प्रशिक्षक गीतांजलि गुप्ता, स्वीटी सोनी एवं मुकेश चौधरी ने विशेष बच्चों हर्षिता गजेंद्र, करण खालसा, पंकज वाधवानी, ईशु बनपेला, विनीत बघेल, वत्सला साहू, पतरस, गगन नागवानी, ऋतु साहू को वृक्षों से प्रेम करने की वजह समझाई और पौधारोपण करना सिखाया। बच्चों ने इसमें रुचि दिखाई। नेहरू प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक नोमेश चौधरी ने बच्चों को पौधरोपण के लिए प्रोत्साहित किया। इस आयोजन में सुनैना गोड़े, हेमंत सिन्हा, सकीना बाघमारे, हेमंती विश्वकर्मा, सुमित नागवानी ने सहयोग किया।

# तालाब पार में किया छायादार पौधों का रोपण



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

विश्व पर्यावरण दिवस पर ग्राम पंचायत टांगापानी के नये तालाब पार में छायादार पौधों का रोपण किया गया। साथ ही पर्यावरण को सुरक्षित बनाए रखने के लिए पेड़ों की सुरक्षा, पौधरोपण, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता बनाए रखने, संसाधनों का रखरखाव व उचित प्रयोग करने का संकल्प लिया गया।

वाटर हार्वेस्टिंग अनिवार्य रूप से तैयार करने, वन का संरक्षण एवं प्राकृतिक संसाधन का उचित दोहन एवं रखरखाव पर चर्चा की गई। रक्षा सूत्र बांधकर पेड़ों की सुरक्षा करने की शपथ ली गई। कार्यक्रम में श्रीमती गणेशिया मरकाम सरपंच, पंचगण, स्वसहायता समूह की महिलाएं, नोडल अधिकारी एसके ठाकुर, अनु विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी नगरी डीके सोन, व्याख्याता श्रीमती लक्ष्मी वर्मा, यमुना ध्रुव, पंचायत सचिव उपस्थित थे।

**ब्रम्हाकुमारी संस्थान ने सेवा केंद्र में मनाया पर्यावरण दिवस**

# आध्यात्म और प्रकृति का आपस में गहरा संबंध : बीके सरिता

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी





प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा पर्यावरण दिवस पर सेवा केंद्र में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अतिथि सीके वाही सेवानिवृत सहायक अभियंता जल संसाधन विभाग, एनएस निर्मलकर सेवानिवृत सहायक अभियंता जल संसाधन विभाग, बीके सरिता जोनल को-आर्डिनेटर कृषि एवं ग्राम विकास प्रभाग इंदौर जोन, बीके नवनीता, बीके प्राजक्ता, बीके सरस थे। बच्चों ने प्रकृति एवं पाच तत्वों को लेकर शिक्षाप्रद नृत्य नाटिका प्रस्तुत की। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में प्रकृति के संरक्षण की बात की।

अपने मुख्य वक्तव्य में बीके नवनीता ने कहा कि हमें गर्मी लग रही है तो हम तुरंत एसी खरीदकर लाते हैं लेकिन यह नहीं सोचते कि हम आने वाले कल को सुरक्षित रखने के लिए पेड़ लगाये लेकिन आने वाले समय में हम एसी लगाकर भी सुरक्षित नहीं रह सकेंगे। हमें धरती को बचाना है तो पेड़ लगाने ही होंगे। बीके सरिता ने कहा कि आध्यात्म और प्रकृति दोनों का आपस में बहुत गहरा सम्बन्ध है। प्राचीनकाल से हम प्रकृति को देवतुल्य मानकर उनकी पूजा करते आ रहे हैं लेकिन आज हमारी भावनाएं शून्य हो गई हैं। हम आधुनिकरण के लिए जंगल काटते जा रहे हैं लेकिन नए पौधे नहीं लगा रहे हैं। पर्यावरण प्रदूषण को रोकने के लिए सबसे पहले हमें अपने मन के प्रदूषण को रोकना पड़ेगा। आगे दीदी ने कहा ब्रम्हाकुमारी द्वारा जल जन अभियान चलाया जा रहा है। इस वर्ष विशेष योगिक गृह वाटिका को बढ़ावा देने के लिए एक ट्रेनिंग रखी जाएगी। इसकी शुरूआत कुछ गमलों में सब्जी के बीज या पौधे लगाकर भी कर सकते हैं। कार्यक्रम की इस कड़ी में तपोवन में डॉ. ईश्वरचंद वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख कृषि विज्ञान केंद्र संबलपुर, सरिता दीदी की उपस्थिति में नीम के पोधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम के अंत में बीके सरस ने सभी से पर्यावरण सुरक्षा के लिए प्रतिज्ञा करवाई। जागृति ने नारे लगवाए। कार्यक्रम का संचालन बीके प्राजक्ता ने किया।






## खबर संक्षेप



### औषधालय परिसर बारना में हुआ पौधरोपण

**कुरुद।** शासकीय आयुर्वेद औषधालय बारना के औषधालय स्टाफ तीरथ कुर्रे (आयुर्वेद फार्मासिस्ट), डोमन लाल साहू (पीटीएस) एवं नारद निषाद ने परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली। औषधालय परिसर में विभिन्न प्रकार के औषधीय एवं फलदार पौधे रोपित किए गए। कर्मचारियों ने ग्रामीणों को एक एक पेड़ लगाकर उसे संरक्षित करने का संकल्प करवाया एवं पर्यावरण के संतुलन की उपयोगिता से अवगत कराया।

### मोदी की तीसरी पारी में देश अब और तेज विकास करेगा : सुरेश

**नगरी।** 9 जून को नरेंद्र मोदी भारत के प्रधानमंत्री के रूप में तीसरी बार शपथ लेंगे। इस घड़ी के बाद हमारा देश भारत फिर से एक बार काफी तेज गति से विकास करेगा। इस बात की शत प्रतिशत गारंटी है। उक्त बातें सिहावा विधानसभा क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ता एवं सर्व वर्ग हिताय ग्रुप के अध्यक्ष सुरेश नेताम ने कही। श्री नेताम ने आगे कहा कि आज छत्तीसगढ़ में आदिवासी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के पदासीन होने से न केवल आदिवासी समाज गौरवान्वित हुआ है, बल्कि प्रदेश में जारी जनकल्याणकारी नीतियों से आदिवासी समाज को एक बेहतर लाभ मिल रहा है। श्री नेताम ने कहा कि देश का समुचित विकास केवल भाजपा और नरेंद्र मोदी के साथ ही सम्भव है।



### मोदी के शपथ ग्रहण में शामिल होंगे प्रकाश, नागेंद्र





**नगरी।** भाजपा राष्ट्रीय नेतृत्व के आमंत्रण पर भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस एवं नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष नागेंद्र शुक्ला 9 जून को राष्ट्रपति भवन दिल्ली में आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने नई दिल्ली रवाना हुए। श्रवण मरकाम पूर्व विधायक, विकास मरकाम ,राजेन्द्र गोलछा, विकल गुप्ता, रविशंकर दुबे, दिनेश्वरी नेताम, महेन्द्र नेताम, अजय नाहटा, निखिल साहू, अकबर कश्यप, मोहन नाहटा, हुमित लिम्जा, मन्नू यादव, सुनील निर्मलकर, मनोहर मानिकपुरी समेत भाजपा के अनेक पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है।

नाली नहीं होने से बरसाती पानी की निकासी की समस्या बढ़ी

# शहर की आधे से ज्यादा कालोनियां अवैध



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर की खेतीहर जमीनों पर धड़ल्ले से अवैध कालोनियां बन रही हैं जिसमें सुविधाए नहीं होने से वहां रहने वाले लोग परेशान रहते हैं। खासकर नाली नहीं होने से बरसाती पानी डंप हो जाता है। लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो जाता है। शिकंजा कसने के बाद भी शहर और आसपास के गांवों में अवैध कालोनी बनना बंद नहीं हो रहा है। इसके पूर्व शहर में बनी आधे से ज्यादा कालोनियां अभी भी अवैध हैं। शहर के गोकुलपुर, रामपुर, रूद्री रोड, सोरम रोड, रूद्री, करेठा बस्ती ऐसे क्षेत्र हैं जहां खेतों को पाटकर कालोनियां बनाई जा रही हैं। ग्राम नगर निवेश विभाग या नगर पालिक निगम से परमिशन नहीं ली गई है।

शहर की ज्यादातर अवैध कालोनियों में घरों से निकलने वाले पानी की निकासी के लिए पक्की नालियों के इंतजाम नहीं हैं। इस कारण घरों से निकलने वाला पानी और बरसाती पानी आसपास के प्लाट में जमा हो जाता है। कई दिनों तक पानी के भरे होने की वजह से इससे दुर्गंध आने लगती है। मच्छर, मक्खी, कीड़े मकोड़े का प्रकोप बढ़ जाता है।

#### कालोनी में नहीं हैं सुविधाएं

रूद्री रोड में रहने वाले कालोनी निवासी शिवशंकर शर्मा, निरंजन शर्मा, बेदराम मरकाम, अश्वनी साहू, पुनीतराम, मरकाम आदि ने बताया कि प्लाट खरीदते समय कालोनाइजर ने उन्हें बताया था कि कालोनी जल्दी वैध कर ली जाएगी। मकान बनने के बाद बिजली, पानी, नाली सड़क आदि की सुविधाएं दी जाएंगी। प्लाट की रजिस्ट्री के बाद मकान भी बन गया। बिजली के अलावा कोई भी सुविधा नहीं है। पानी के लिए स्वयं का बोर है। नाली अभी तक नहीं बनी है। सड़क का नामोंनिशान नहीं है। गंदे पानी की निकासी का रास्ता नहीं होने से घरों का पानी खाली प्लाट में जमा होता है। तेज बारिश होने पर पानी का बहाव घरों की ओर होता है। घर के आसपास 2 से 3 फीट पानी भर जाता है। सुविधाएं नहीं मिलने से परेशानी हो रही हैं। इस संबंध में कालोनाइजर से बात करने पर उनके द्वारा सिर्फ आश्वासन ही दिया जाता है।

#### कृषि भूमि को खरीदने का खेल

शहर में अवैध प्लाटिंग करने भू-माफिया कृषि भूमि को औने-पौने दाम में खरीदकर करोड़ों कमा रहे हैं। शासन के मापदंडों का पालन नहीं हो रहा है। जानकारी के मुताबिक शहर में 32 कालोनियां हैं जिनमें 19 कालोनियां अवैध हैं। सड़क, नाली के अभाव में 3 से 5 फीट तक बरसाती पानी भर जाता है। खेत खरीदकर सरकारी रेट से 10 गुना दाम पर प्लाट बेचते हैं। अवैध होने की वजह से शासन को लाखों का नुकसान हो रहा है।

#### निकासी के प्राकृतिक रास्ते बंद

कालोनी बनाते समय पानी निकासी के रास्ते व विभिन्न पहलुओं पर ध्यान नहीं देने से बरसात का पानी कालोनी के आसपास जमा हो जाता है जिसका खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ता है। अवैध कालोनी में इसका ख्याल नहीं रखा जाता है । नतीजन पानी के प्राकृतिक रास्ते पूरी तरह बंद हो जाते हैं। परिणामस्वरूप शहर और आसपास के क्षेत्र जलमग्न हो जाते हैं। बारिश में हर साल शहर के दर्जनों वार्ड डूब जाते हैं। अनवरत वर्षा से 2 फीट तक पानी भर जाता है। यही हाल रूद्री रोड, गोकुलपुर, रामपुर, बठेना, सोरिद, श्यामतराई रोड, सोरम, भटगांव मार्ग का भी रहता है।

## छग में ऐतिहासिक जीत मोदी की विकासपरक सोच एवं साय के सुशासन का प्रतीक : प्रीतेश





हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

छत्तीसगढ़ में 11 लोकसभा संसदीय क्षेत्र में 10 सीट पर भाजपा विजयी हुई। केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार एनडीए को बहुमत मिला है।

छत्तीसगढ़ के नवनिर्वाचित सांसद दिल्ली में छत्तीसगढ़ भवन पहुंच चुके हैं जहां भाजपा छत्तीसगढ़ के विशेष आमंत्रित सदस्य प्रीतेश गांधी ने नवनिर्वाचित सांसद श्रीमती रुपकुमारी चौधरी, श्रीमती कमलेश जांगड़े, भोजराज नाग एवं अन्य निर्वाचित सांसदों से भेंटकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के संकल्प को पूरा करने के महा-अभियान का भागीदार बनने की शुभकामनाएं दी। श्री गांधी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में ऐतिहासिक विजय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विकासपरक सोच तथा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन पर छत्तीसगढ़ की जनता के अटूट विश्वास का प्रतीक है।

केंद्र में लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में मोदी जी का शपथ ग्रहण भारत को विश्व गुरु के रूप में विश्व पटल पर स्थापित करने के लिए मील का पत्थर साबित होगा और विकसित भारत 2047 के संकल्प को पूरा कर विश्व में भारत एक प्रमुख आर्थिक महाशक्ति बनेगा।

## गुरु बाबा को लगाया चटनी ढोढा का भोग

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नगर स्थित श्री प्रेम प्रकाश आश्रम में मनाए जा रहे चालीसा महोत्सव के 7 वें दिन का चालीसा पाठ का कार्यक्रम विवेकानंद नगर गली नम्बर 3 में स्व. माधवदास लखवानी के चारों पुत्र गिरधारीलाल, सुनील, अनिल, विजय लखवानी परिवार द्वारा किया गया। चेन्नई तमिलनाडु से पधारे संत जीतूराम एवं धमतरी के संत लोकेश के सानिध्य में सत्संग कीर्तन व भजन का आयोजन हुआ। चालीसा पाठ कर गुरु बाबा को चटनी ढोढा का भोग लगाकर उत्सव मनाया। संत जीतू राम ने सद्गुरु स्वामी टेऊंराम जी महाराज के 138 वें जन्मोत्सव एवं 82 वीं वर्सी के उपलक्ष्य में गुरु बाबा की महिमा के साथ सत्नाम साक्षी मंत्र एवं गुरु दरबार की महिमा से परिपूर्ण भजन गाकर भक्त समुदाय को मंत्र-मुग्ध कर दिया।

### निधन : सुखराम यादव



**नगरी।** नगरी निवासी सुखराम यादव 93 वर्ष का निधन गुरुवार की शाम हो गया। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए। वे गोपी यादव, गोविंद यादव के पिताजी थे। उनकी अंतिम यात्रा पर नगर के वरिष्ठजन, गणमान्य नागरिक और समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## अवैध शराब का परिवहन करते दो आरोपी गिरफ्तार

- भखारा पुलिस एवं साइबर टीम ने की कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी

अवैध शराब का परिवहन करते दो आरोपियों को भखारा पुलिस एवं साइबर सेल की टीम ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 96 पौवा देशी मसाला शराब जब्त की गई है। 7 जनू को भखारा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि सेमरा मोड़ तिराहा भखारा के पास अजय साहू पिता तुलसीराम साहू उम्र 32 वर्ष साकिन भैंसबोड़ चौकी बिरेझर थाना कुरुद जिला धमतरी और भुवनलाल साहू पिता मोहन लाल साहू उम्र 50 वर्ष साकिन कोसमर्रा थाना भखारा जिला धमतरी एक सफेद रंग की प्लास्टिक बोरी में अवैध रुप से शराब रखकर मोटरसाइकिल हीरो पैशन प्लस क्रमांक सीजी 05 एपी 6637 से शराब का परिवहन कर रहे हैं। सूचना मिलते ही भखारा पुलिस एवं साइबर सेल की टीम ने सेमरा मोड़ तिराहा भखारा के पास घेराबंदी कर आरोपियों को पकड़ा। इसके कब्जे से प्लास्टिक बोरी में 96 पौवा देशी मसाला शराब प्रत्येक 180-180 एमएल कुल 17.280 लीटर कीमती 10560 रुपये एवं शराब परिवहन में प्रयुक्त एक हीरो पैशन प्लस मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 05 एपी 6637 कीमत करीबन 30,000 रुपये कुल जुमला 40560 रुपये जब्त कर आरोपियों के विरुध्द धारा 34 (2), 59 (क) के तहत वैधानिक कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई में सउनि तेजूराम सिन्हा, आरक्षक हेमराज नेताम, खुमान साहू, साइबर सेल धमतरी से निरीक्षक सन्नी दुबे, आरक्षक कृष्णा पाटिल, युवराज ठाकुर, मनोज साहू, फनेश साहू, किशोर देशमुख का विशेष योगदान रहा।

## प्री मानसून : आंधी तूफान के साथ हुई बारिश



हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

- ग्रामीणों को तेज गर्मी से मिली राहत

शनिवार की दोपहर को मौसम में अचानक बदलाव आ गया। उमस भरी गर्मी के बाद देर शाम तेज आंधी तूफान व गरज-चमक के बीच हुई झमाझम बारिश से लोगों ने राहत की सांस ली है। लोग धूप और गर्मी से परेशान थे। बारिश के शुरू होने से पहले तेज हवाएं चली, फिर कुछ देर बाद तेज बारिश हुई। इससे मौसम काफी सुहावना हो गया। करीब आधे घंटे तक बारिश हुई, जिससे जोरातराई, खपरी, सिलौटी, सौराबंधा की कई गलियों में पानी की धार चलने लगी। सड़कों पर बारिश का पानी बहने लगा। बारिश के बाद तापमान में भी कमी आई। अधिकतम तापमान 36 से घटकर 32 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। वहीं शाम को तापमान 28 डिग्री सेल्सियस रहा। अचानक हुई तेज बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली है।

## मिशन ग्राउंड में डिजनीलैंड फन फेयर की शुरूआत

### बिजनेस साइट



- परिवार सहित कर सकते हैं मनोरंजन, खेलने के साथ एक छत के नीचे खरीदारी





हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

स्थानीय मिशन ग्राउंड में 1 जून से डिजनीलैंड फन फेयर मेला का शुभारंभ हो गया है जिसे शहरवासियों का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। डिजनीलैंड के संचालक सुधीरकांत सिन्हा एवं मैनेजर राजू सिन्हा ने बताया कि शहरवासियों की मांग पर इस बार गर्मी की छुट्टी को ध्यान में रखते हुए डिजनीलैंड फन फेयर मेला का आयोजन किया गया है। यह मेला 25 जून तक चलेगा। मेला में प्रवेश का समय शाम 6 से रात्रि 10 बजे तक है। उन्होंने बताया कि छोटे बच्चों के मनोरंजन को ध्यान में रखते हुए बीबी ट्रेन, टेम्पोलीन, वाटर बोर्ड, ड्रेगन ट्रेन, स्कार्पियो रिंग झूला, जंपिंग स्टैंड आदि की व्यवस्था की गई है। बच्चे इसका लुत्फ उठा सकते हैं। बड़ों के लिए मौत का कुआं का प्रदर्शन है जिसमें बाइक और चारपहिया वाहन कुएं का गोल चक्कर लगाते हैं। यह नजारा अद्भुत रहता है। इस खेल को देखने के बाद डिजनीलैंड की सैर पूरी हो जाती है। इसके अलावा टावर आकाश झूला, टोरा, टोरा झूला, ब्रेक डांस झूला, चांद तारा झूला आदि ऐसे मनोरंजन के साधन हैं जिसमें पूरा परिवार कई घंटा बिता सकता है।

खेल के अलावा मेला परिसर में कई दुकानें संचालित हैं जिसमें कम दर पर घरेलू सामान खरीद सकते हैं। दुकानों में जनरल स्टोर्स, प्लास्टिक आइटम, मनिहारी, जूता, चप्पल की दुकानें, चूड़ी कार्नर, क्रॉकरी सेट सेंटर, घर संसार किचन आइटम, माउथ फ्रेशनर, चूर्ण सेंटर, फुटबॉल गेम, शूटिंग राइफल सेंटर, आइस्क्रीम पार्लर, चाट भेल सेंटर आदि की दुकानें सजी हुई हैं जहां लोग अपनी जरूरत की चीजें खरीद रहे हैं।

## भखारा दुर्घटनास्थल का यातायात पुलिस ने किया निरीक्षण

घटना की पुनरावृत्ति रोकने आवश्यक उपाय करने किया पत्राचार

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

भखारा में हुई सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद यातायात पुलिस ने भखारा पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया।

शनिवार की सुबह तेज रफ्तार ट्रक ने मार्निंग वॉक पर निकले बेदराम उर्फ बेदू यादव उम्र 45 वर्ष व चन्द्रहास साहू को स्टेट बैंक के पास चपेट में ले लिया। घटना में बेदराम यादव की मौत हो गई। वहीं चन्द्रहास गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद सड़क दुर्घटना की पुनरावृत्ति रोकने यातायात डीएसपी मणिशंकर चन्द्रा ने भखारा पहुंचकर दुर्घटनास्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण में पाया कि अज्ञात वाहन द्वारा पैदल चल रहे बेदराम उर्फ बेदू भखारा निवासी को ठोकर मार सड़क पर घसीटा गया जिससे उसकी मृत्यु हुई। सड़क दुर्घटना की पुनरावृत्ति रोकने घटनास्थल के पास वाहनों की गति नियंत्रित करने के लिए तत्काल लोहे के स्टापर से जिग-जैग बनाया गया। इसके साथ ही लोक निर्माण विभाग को भखारा प्रवेश व निर्गम द्वार पर गति नियंत्रण के लिए स्पीड ब्रेकर एवं गति सीमा बोर्ड लगाने पत्राचार किया गया। इसके अतिरिक्त रात्रि में ओव्हर स्पीड चलने वाले वाहनों की चेकिंग करने का निर्देश दिया गया।



#### सिहावा चौक तक पैदल पेट्रोलिंग

शहर में यातायात व्यवस्था बनाने यातायात पुलिस द्वारा रत्नाबांधा चौक से सिहावा चौक तक पैदल पेट्रोलिंग करते हुए सड़क किनारे खड़े वाहनों, दुकानों का सामान, दुकान के बोर्ड को अंदर करवाते हुए नो पार्किंग में खड़े वाहनों पर कार्रवाई की गई। दुकानदारों को सफेद पट्टी के अंदर अपने ग्राहकों के वाहनों को खड़ा कराने व बाहर तक दुकान का सामान नहीं फैलाने की समझाइश दी गई।

गांधी मैदान में पर्यावरण संरक्षण समिति व जागरूक युवा मंच ने किया आयोजन

# पर्यावरण दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम से दिया पर्यावरण बचाने का संदेश







हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गांधी मैदान में पर्यावरण संरक्षण समिति व जागरूक युवा मंच ने हमर धमतरी हरियर धमतरी के साथ साथ पूरे देश को स्वच्छ और सुंदर रखने सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम के माध्यम से पर्यावरण को बचाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के अतिथि विधायक ओंकार साहू ने कहा कि पर्यावरण को स्वच्छ रखने का जिम्मा देश के हर नागरिक का है। सभी को अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए अपना योगदान देना चाहिए। पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाले कारक जैसे सिंगलयूज प्लास्टिक को त्यागने की अपील नागरिकों से की। आयोजन समिति के कोमल संभाकर व लक्ष्मण साहू ने पेड़ लगाने और उसे बड़े होने तक परिवार के सदस्यों की तरह देखभाल करने की बात कही। उनका कहना है कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जन समुदाय तक पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन की बात को पहुंचाना है। प्रदूषण के स्तर को कम करने के लिए ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में धमतरी के युवा गायक ओके सिन्हा और उनके बैंड ग्रुप की प्रस्तुति ने सबका मन मोह लिया। चोला माटी केहे राम, मैना तहि मोर मैना जैसे गीतों ने दर्शकों को गुनगुनाने को मजबूर कर दिया। छत्तीसगढ़ की लोकगायिका कंचन जोशी व लोकगायक पं. विवेक शर्मा भी ने अपनी आवाज का जादू बिखेरा। सोन के नथनी, मोला बेटा कहिके बुलादे जैसे अनेक गीतों से समा बांध दिया। छत्तीसगढ़ी हास्य कलाकार संजय महानद और संतोष निषाद ने दर्शकों को लोटपोट कर दिया। रात्रि में लोकगायिका तीजन पटेल की लोककला मंच राग रंग की प्रस्तुति ने लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। शुरूआत में छत्तीसगढ़ी गीत के माध्यम से लोगों को छत्तीसगढ़ के पूरे वर्ष में मनाए जाने वाले अलग-अलग त्योहारों के बारे में विशेष प्रस्तुति दी। करमा, ददरिया व आदिवासी नृत्य ने जमकर तालियां बटोरी। रात भर लोग झूमते नजर आए। कार्यक्रम में कुश्ती के खिलाड़ी, पढ़ाई में अच्छे स्थान लाने वाले व कला संगीत से जुड़ लोगों का भी सम्मान किया गया।

#### कुश्ती खिलाड़ी, मेधावी छात्रों एवं कला संगीत से जुड़े कलाकारों का हुआ सम्मान

कार्यक्रम में आयोजन समिति के सत्यवान यादव, लक्ष्मण साहू, कोमल सम्भाकर, प्रवीण साहू, टिक्की निर्मलकर, भूषण पटेल, श्यामा साहू, मनोज यादव, ननकू महाराज, संजू यादव का विशेष योगदान रहा।


छत्तीसगढ़ के नवनिर्वाचित सांसदों के ऐतिहासिक जीत की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
मान. बृजमोहन अग्रवाल
रायपुर - लोकसभा क्षेत्र
मान. चिंतामणी महाराज
सरगुजा - लोकसभा क्षेत्र
मान. विजय बघेल
दुर्ग - लोकसभा क्षेत्र
मान. तोखन साहू
बिलासपुर - लोकसभा क्षेत्र
मान. महेश कश्यप
बस्तर - लोकसभा क्षेत्र
मान. संतोष पाण्डेय
राजनांदगांव - लोकसभा क्षेत्र
मान. भोजराज नाग
कांकेर लोकसभा क्षेत्र
मान. राधेश्याम राठिया
रायगढ़ - लोकसभा क्षेत्र
मान. रूपकुमारी चौधरी
महासमुंद- लोकसभा क्षेत्र
मान. कमलेश जांगड़े
जांजगीर चांपा - लोकसभा क्षेत्र
आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की नीति,
नेतृत्व और निर्णयों पर देश की जनता के विश्वास की मुहर है
श्री नरेन्द्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने एवं शपथ ग्रहण समारोह की हार्दिक बधाई... शुभकामनाएं...
श्री प्रकाश बैस
भाजपा जिला अध्यक्ष
जिला धमतरी
श्री श्रवण मरकाम
पूर्व विधायक
सिहावा विधानसभा
श्रीमती पिंकी शिवराज शाह
पूर्व विधायक
सिहावा विधानसभा
श्री विकास मरकाम
प्रदेश अध्यक्ष
भाजपा अजजा प्रकोष्ठ
श्री नागेन्द्र शुक्ला
पूर्व अध्यक्ष
नगर पंचायत नगरी
श्री राजेन्द्र गोलछा
भाजपा जिला मंत्री
जिला धमतरी
श्री विकल गुप्ता
पूर्व उपाध्यक्ष
जनपद पंचायत नगरी
श्री कमल डागा
पूर्व जिला महामंत्री
श्रीमती दिनेश्वरी नेताम
अध्यक्ष
जनपद पंचायत नगरी
श्री महेन्द्र नेताम
जिला अध्यक्ष
भाजपा अजजा प्रकोष्ठा जि.धमतरी
श्री अजय नाहटा
उपाध्यक्ष
नगर पंचायत नगरी
श्री अकबर कश्यप
अध्यक्ष
भाजपा मंडल बेलरगांव
श्री मोहन पुजारी
उपाध्यक्ष
भाजपा मंडल बेलरगांव
श्री मनोहर मानिकपुरी
महामंत्री
भाजपा मंडल बेलरगांव
श्री मोहन नाहटा
अध्यक्ष
भाजपा मंडल नगरी
श्री हुमीत लिमजा
उपाध्यक्ष
जनपद पंचायत नगरी
श्री मन्नू यादव
सभापति
जनपद पंचायत नगरी
श्री निखिल साहू
युवा मोर्चा
प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य
श्री सुनील निर्मलकर
सभापति
नगर पंचायत नगरी
श्री राजू गोसाई
महामंत्री
भाजपा मंडल नगरी
श्री देवेन्द्र परिहार
सोशल मिडिया प्रभारी
भाजपा नगरी
श्री नरसिंग मरकाम
उपसरपंच ग्राम पंचायत सिरसिदा
विशेष आमंत्रित सदस्य
श्री अमरसिंह ध्रुव
पूर्व सरपंच
एवं वरिष्ठ भाजपा नेता
नगरी तहसील क्षेत्र में
हरिभूमि समाचार पत्र की प्रतियां
समाचार प्रकाशन एवं
विज्ञापन हेतु संपर्क करें
गोपी कश्यप संवाददाता नगरी तहसील क्षेत्र
मो.नं. : 7581801429, 8359962777
श्री महेन्द्र साहू
युवा भाजपा नेता
श्री दुर्गा प्रजापति
वरिष्ठ भाजपा नेता